# न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0 6, फैजाबाद

**मूलवाद संख्या–602/2019**

**ओम प्रकाश पाण्डेय आदि बनाम भगवानदीन आदि**

**दिनांकः– 17.02.2022**

पत्रावली पेश हुई। पुकार कराया गया। पुकार पर वादी मय विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। प्रार्थना पत्र 14क–1 पर वादी के विद्वान अधिवक्ता को सुना गया।

प्रार्थना पत्र 14क–1 मय शपथपत्र 15ग–2 अंतर्गत आदेश 22 नियम 4 जा0दी0 प्रार्थी/वादी द्वारा विभिन्न अभिकथनों के साथ इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि उपरोक्त वाद में मृतक प्रतिवादी संख्या–1 श्री भगवानदीन की मृत्यु दिनांक 27.05.2021 को हो गयी थी। मृतक प्रतिवादी संख्या–1 श्री भगवानदीन के विधिक वारिसान उनके पुत्रगण अनूप, अनुराग, अजीत तथा अभिषेक हैं। इनके अलावा मृतक के अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अतः प्रा0पत्र 14क–1 के माध्यम से मृतक प्रतिवादी संख्या–1 श्री भगवानदीन को प्रतिस्थापित करके तदनुसार वादपत्र में पारिणामिक संशोधन करने की याचना की गई है।

उक्त प्रा0पत्र 14क–1 पर प्रतिवादी द्वारा कोई भी आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गयी है।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि प्रार्थना पत्र 14क–1 अंतर्गत आदेश 22 नियम 4 जा0दी0 मृतक प्रतिवादी संख्या–1 श्री भगवानदीन के विधिक वारिसानों को प्रतिस्थापित करने हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्रा0पत्र 14क–1 शपथपत्र 15ग–2 से समर्थित है। वाद को गुण दोष के आधार पर निस्तारित करने हेतु मृतक प्रतिवादी संख्या–1 श्री भगवानदीन की प्रतिस्थापना किया जाना आवश्यक है। उपरोक्त परिस्थिति में प्रार्थना पत्र 14क–1 स्वीकार किए जाने योग्य है।

## आदेश

प्रार्थना पत्र 14क–1 स्वीकार किया जाता है। प्रार्थी/वादी वांछित संशोधन नियत तिथि तक करें। पत्रावली वास्ते जवाबदावा दिनांक– 26.04.2022 को पेश हो।

**अपर सिविल जज जू0डि0 6**
**फैजाबाद**
**जे0ओ0 कोड– यू0पी0 3245**